तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 2 जून 2024



11 12 रेलवे ब्रिज में लगा वाटर मॉनिटरिंग सिस्टम, मोबाइल पर आएगा अलर्ट मैसेज





12 नन्हे कलाकारों की अदाकारी से दिया समानता का संदेश






## खबर संक्षेप

### खुटेरी में बूढ़ादेव प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा आज

**बालोद/कलंगपुर।** आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज खुटेरी (भट्ठ) एवं आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज पाटन राज के तत्वावधान में आज 2 जून को खुटेरी में नवनिर्मित बूढ़ादेव मंदिर में बुढादेव मूर्ति की स्थापना की जा रही है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे कलश यात्रा के साथ होगी। दोपहर 12 बजे मूर्ति स्थापना की जाएगी।

### आज बालोद पहुंचेंगे विहिप के प्रदेश उपाध्यक्ष सरल मोदी

**बालोद।** प्रदेश के बलरामपुर जिले में हिंदू गौरक्षक सुजीत स्वर्णकार की हत्या के मामले में विश्व हिंदू परिषद संगठन की ओर से संगठन का पक्ष व आगामी कार्यक्रम की जानकारी देने के लिए विहिप के प्रदेश उपाध्यक्ष सरल मोदी रविवार को बालोद शहर आएंगे। वे सुबह 11.30 बजे प्रेसवार्ता लेंगे।

### भोथली में निषाद केंवट समाज की बैठक आज

**अंडा।** दुर्ग जिला निषाद केंवट समाज द्वारा भरदा चंगोरी परिक्षेत्र में युवा प्रकोष्ठ द्वारा सामाजिक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विरेन्द्र निषाद ने बताया कि परिक्षेत्र के सभी गांव में समाज में जागरुकता लाने एवं मजबूत करने के लिए युवा प्रकोष्ठ द्वारा सभी 15 गांवों में प्रत्येक रविवार को समाजिक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। प्रथम बैठक ग्राम भोथली में आज 2 जून को रखी जाएगी। कार्यक्रम में परिक्षेत्र अध्यक्ष हिन्छा राम पारकर, उपाध्यक्ष सियाराम निषाद क्षेत्र युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष केशव निषाद, जिला सह सचिव भीम सिंह निषाद युगल किशोर सहित भरदा चंगोरी परिक्षेत्र के सभी पदाधिकारी शामिल होंगे।

### मोहलाई में श्री कबीर साहेब प्राकट्य महोत्सव 6 को

**बालोद।** सद्गुरू श्री कबीर घाट धर्मानुरागी समिति द्वारा सद्गुरू श्री कबीर साहेब प्राकट्य महोत्सव एवं सात्विक यज्ञ चौक आरती का आयोजन 6 जून को कबीर घाट मोहलाई में किया गया है। कार्यक्रम में महात्मा लेखचंद साहेब अपनी संत मंडली के साथ उपस्थित रहेंगे। भूमि दान स्व. बृजमाता एवं उनके परिवार तथा स्व. खोरबाहरीन देवी एवं उनके परिवार द्वारा दी गई है। इस दौरान संरक्षक डॉ प्रकाश देवांगन, सुरेश साहू, हीराराम साहू, टोमन लाल साहू, अध्यक्ष युवाराम साहू, उपाध्यक्ष धरमदास साहू, सचिव पवन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष लोकशरण साहू, सह सचिव निरंजन साहू, तुकेश्वर साहू, उद्घोषक केशुराम साहू, विशेष सहयोगी महंत सजनूदास साहेब, महंत गिरधारी मानिकपुरी, सलाहकार बीपी वर्मा, भजनलाल साहू, पुजारी बलराम साहू व सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### जागरुकता अभियान व झांसे में नहीं आने की अपील के बाद भी फंस रहे लोग

# धोखाधड़ी और ठगी के शिकार हुए तीन लोग, 21 लाख से ज्यादा गंवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

लगातार जागरुकता अभियान चलाने एवं ठगों से सावधान रहने की अपील के बाद भी लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। वहीं, अपनी योग्यता के बल पर नौकरी पाने की जगह, रूपए देकर नौकरी की लालच में अपने लाखों रूपए गंवाने वालों की भी कमी नहीं है। बालोद जिले में नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी के दो मामलों के साथ ही फर्जी पुलिस बनकर ठगी का मामला सामने आया है। इन तीनों मामलों में ठगी और धोखाधड़ी की कुल रकम 21 लाख 43 हजार रूपए है।

- असिस्टेंट स्टेशन मास्टर की नौकरी लगाने 11 लाख से ज्यादा की धोखाधड़ी

मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले रेलवे में असिस्टेंट स्टेशन मास्टर के पद पर नौकरी लगाने के नाम से अलग–अलग किस्तों में कुल 11,08,000 रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। शहर के रेलवे कालोनी, शिक्षक नगर वार्ड नं. 2 निवासी घनश्याम ढीमर ने बताया कि वर्ष 2021–22 में डुलेश कुमार साहू, उत्तम खाण्डेकर एवं अंकुश मिश्रा ने रेलवे में असिस्टेंट स्टेशन मास्टर के पद पर नौकरी लगाने के नाम से अलग–अलग किस्तों में कुल 11,08,000 रूपये ले लिए।

घनश्याम ढीमर ने बताया कि मेरी चिकन की दुकान है। 2021 में आरोपी डुलेश कुमार साहू से मेरा जान पहचान बालोद में हुई। आरोपी ने बताया कि मैं स्टेशन मास्टर दल्लीराजहरा में रेलवे में हूं। आपको असिस्टेंट स्टेशन मास्टर की नौकरी लगवा दूंगा। मैंने आरोपी की बातों में आकर 15 जुलाई 2021 को 2 लाख रूपये नगद उत्तम खाण्डेकर नाम के व्यक्ति को रेलवे का उच्च अधिकारी है, बताकर उसी के हाथ में राजनांदगांव के होटल अवाना में दिया। उसके बाद 25 जुलाई 2021 को कोलकाता में जाकर टीपी गेस्ट हाऊस में 4 लाख रूपये नगद आरोपी व उत्तम खाण्डेकर दोनों के हाथ में दिया। प्रार्थी घनश्याम ने बताया कि ▶▶| शेष पेज 12 पर

### अभियान के बावजूद जागरूकता की कमी

साइबर ठग द्वारा लगातार भोलेभाले लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। वहीं इस तरह की ठगी में कम पढ़े लिखे किसानों से लेकर अच्छे पद पर कार्य कर रहे पढ़े लिखे लोग भी शिकार हो रहे हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा साइबर ठग से बचने कई तरह के अभियान भी चला कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही अखबारों के माध्यम से भी इसी तरह की खबर प्रकाशित कर लोगों को सचेत रहने की अपील की जा रही है। इसके बावजूद लोग सबक नहीं ले रहे हैं और ठगी तथा धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं।




### दूसरा मामला : टिकट कलेक्टर की नौकरी दिलाने 8 लाख 45 हजार की ठगी

इसी तरह रेलवे में टिकट कलेक्टर के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 25 वर्षीय युवक से 8 लाख 45 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। ग्राम खेरथाडीह निवासी धर्मेंद्र साहू ने डुलेश कुमार साहू एवं उत्तम खाण्डेकर पर नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। वहीं, कोतवाली थाना में शिकायत की है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

धर्मेन्द्र कुमार साहू पिता देवकुमार साहू, उम्र 25 वर्ष पता ग्राम खेरथाडीह ने बताया कि मार्च 2020 में आरोपी डुलेश कुमार साहू से मेरा जान पहचान बालोद में हुआ, आरोपी द्वारा बताया गया कि वह स्टेशन मास्टर दल्लीराजहरा में रेलवे में पदस्थ है। आरोपी ने कहा कि उसे रेलवे में टिकट कलेक्टर की नौकरी लगवा देंगे।

आरोपी की बातों में आकर धर्मेंद्र ने 8 अप्रैल 2020 से लेकर 9 मई 2022 तक अलग अलग किस्तों में 8 लाख 45 हजार रुपये नकद व फोन पे के माध्यम से आरोपियों को दे दिया। काफी समय बीत जाने के बाद 26 जुलाई 2022 को ज्वाइनिंग लेटर दिया गया, लेकिन आज तक नौकरी नहीं लगी। नौकरी लगाने के नाम पर टालमटोल करता रहा और अपने फोन को स्विच ऑफ कर दिया। इस प्रकार योजनाबद्ध तरीके से शासकीय नौकरी लगाने के नाम पर फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देकर धोखाधड़ी कर रकम ले ली। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ खिलाफ धारा 34 तथा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### तीसरा मामला : खुद को पुलिस बताया, कहा-बेटा गिरफ्तार, छुड़ाने के लिए मांगे दो लाख

साइबर ठग ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्र के भोले-भाले किसान से लाखों रुपये ठग लिया। साइबर ठग ने खुद को पुलिस बताते हुए एक किसान को व्हाट्सएप में कॉल करके उसके बेटे को दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार होना बता दिया। छुड़ाने के लिए पिता से दो लाख रुपए मांगे। जबकि बेटा दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार ही नहीं हुआ था, वह तो अपने काम पर व्यस्त था। दरअसल अज्ञात व्यक्ति ने 26 मई को ग्राम खपरी लाटाबोड़ निवासी युगलकिशोर को व्हाट्सएप में वॉइस कॉल करके अपने आप को बालोद कोतवाली थाना का पुलिस बताया। उसने युगल किशोर को बताया कि उसका बेटा दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार हो गया है। उसे छुड़ाने उसके पिता से पैसे की मांग की। ठग ने यह भी कह दिया कि तुम्हारे बेटे का मोबाइल जब्त कर लिया गया है, उसके पास फोन मत लगाना। युगल किशोर साइबर ठग के झांसे में आ गया और घबराहट में घटना की सच्चाई का पता करने का प्रयास भी नहीं किया और अलग-अलग किस्तों में 1 लाख 90 हजार रूपए उसके खाते में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करा दिया। उधर, युगल किशोर का लड़का, जिसे साइबर ठग ने दुष्कर्म के आरोप में जेल जाना बता रहा था, वह अपने कार्य में व्यस्त था। उस पर कभी दुष्कर्म के कोई आरोप नहीं लगे हैं।

## 9 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ युवक पकड़ाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

मध्यप्रदेश निर्मित शराब को अवैध रूप से बिक्री करने ले जाते हुए आरोपी को 9 पेटी शराब के साथ ग्राम चिटौद के पास पकड़ा गया। आरोपी विक्की यादव कार क्रमांक सीजी 07 एएस 2621 मे रायपुर से जगदलपुर की ओर जा रहा था, जिसे पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने पकड़ा। प्रकरण में धारा 34 2 आबकारी अधिनियम के तहत आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

- मुखबिर की सूचना पर पुरूर थाना पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस थाना पुरूर के पुलिस पार्टी को निर्देश प्राप्त हुआ था कि 31 मई को सूचना प्राप्त हुआ कि एक सफेद रंग की स्वीफ्ट डिजायर कार सीजी 07 एएस 2621 के डिक्की में अवैध अंग्रेजी शराब छिपा कर रखी हुई है। रायपुर की तरफ से जगदलपुर बिक्री के लिए शराब लेकर जा रहे हैं। सूचना पर एनएच 30 मार्ग पावर हाउस के पास ग्राम चिटौद में पहुचकर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच की गई। इस दौरान संदिग्ध कार को आते देख पुलिस टीम ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा।


मुखबीर के बताए अनुसार एक सफेद रंग की स्वीफ्ट डिजायर कार 07 एएस 2621 आई, जिसे इशारे से रोकने को कहा गया। उसके बाद वाहन चालक गाड़ी रोककर निकलकर भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी वाहन चालक ने अपना नाम बजरंग पारा कोहका थाना सुपेला भिलाई जिला दुर्ग विक्की कुमार यादव पिता गजराज सिंह यादव 31 वर्ष बताया। गाड़ी की जांच करने पर 09 पेटी अंग्रेजी शराब गोवा 81 बल्क लीटर व तीन एंड्रायड मोबाईल जब्त की गई।

## लोहारा नाले पर बना करोड़ों का स्टापडेम गंदगी-झाड़ियों से पटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

करोड़ों रुपए की लागत से बना लोहारा नाला आज खुद एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहा है। जब लोहारा नाला में नया कटबांध बनाया जा रहा था, उनके ड्राइंग डिजाइन पर ही विवाद था कि गलत ढंग से बनाया जा रहा है फिर भी लोहारावासियों को आस थी कि नाला पर कटबांध बन जाने से वहां हमेशा पानी भरा रहेगा, तो नलकूपों का जल स्तर बरकरार रहेगा और भीषण गर्मी के दिनों में लोगों को निस्तारी के लिए समस्या नहीं होगी। लेकिन, इसके विपरीत आज खुद लोहारा नाला एक एक बूंद पानी के लिए तरस रहा है। फिर भी जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस पर नहीं जा रहा है। लगता है यहां के जनप्रतिनिधियों को लोहारा की समस्या से कोई लेना-देना नहीं है। नाला में पानी की जगह मिट्टी का ढेर और बेशरम और अन्य झाड़ियों से पटा हुआ है। लेकिन, नगर पंचायत प्रशासन भी इनकी सुध नहीं ले रहा है कि नाले की सफाई कर वहां जमे मिट्टी को निकलकर बाहर किया जा सके। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम भंसाली के कार्यकाल में एक बार नाले की सफाई करवाई गई थी, उसके बाद नल की सफाई हेतु किसी में ध्यान नहीं दिया। स्थानीय निवासी देवव्रत देवांगन ने बताया कि वो दिन याद आता है जब लोहारा नाला सूख जाता था तो नाले में पानी लाने नगर के समाजसेवी स्व. दीपचंद भंसाली जी पानी लाने रात दिन एक कर समय की परवाह किए बगैर खुद फावड़ा लेकर निकल पड़ते थे और वहां डटे रहते थे जब तक नाला में पानी नहीं आ जाता था।

- निर्माण के समय ड्राइंग डिजाईन को लेकर था विवाद
- निर्माण के बाद अब झाड़ियों और गंदगी से पटा



## तेज धूप व भीषण गर्मी में सड़कों पर 11 बजे से सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

कुछ दिनों से तेज धूप तथा गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। गर्मी का कहर इतना बढ़ गया है कि सुबह की धूप हो या शाम की, सब एक समान ही लगने लगी है। लोग घरों से निकलने के लिए भी सोचने को मजबूर हैं।

जहां कुछ सप्ताह पहले हो रही बारिश हो देखते हुए लोग यह समझ रहे थे कि इस वर्ष ज्यादा गर्मी नहीं पड़ेगी। लेकिन पिछले सप्ताहभर से पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों को घर से निकलने के बारे में 10 बार सोचना पड़ रहा है। बहुत ज्यादा जरूरी काम होने पर लोग घरों से निकल रहे हैं, वह भी पूरी सावधानी के साथ। थोड़ी दूर जाने के लिए भी मुंह पर गमछा बांधना पड़ रहा है।

फागुनदाह, पुरूर, कंवर, पलारी में गर्मी का सितम को इस बात से भी समझा जा सकता है कि सुबह और शाम जैसे तैसे लोग घर से बाहर निकल जाते हैं, लेकिन दोपहर को गर्मी इतनी बढ़ जाती है कि बहुत ज्यादा जरूरी होने वाले पर ही लोग निकलते हैं। वहीं, दोपहर को सड़कें सुनसान हो जाती हैं।



## 7 जुलाई को हनुमान मंदिर से निकाली जाएगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

श्री महावीर मंदिर समिति बाजार चौक गुरूर द्वारा 7 जुलाई को श्री हनुमान मंदिर बाजार चौक गुरूर से भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। व्यवस्थापक एवं मंदिर पुजारी पंडित ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रातः 10 बजे श्री जगन्नाथ जी की पूजा आरती होगी। दोपहर 3 बजे श्री जगन्नाथ जी की यात्रा श्री हनुमान मंदिर गुरूर से निकाली जायेगी जो 4 बजे साहड़ा देव चौक होते हुए 5 बजे अम्बेडकर चौक 6 बजे धनेली चौक, 6:30 बजे वापस श्री हनुमान मंदिर पहुंचेगी। शाम 6 बजे श्री जगन्नाथ जी की आरती, हनुमान जी की आरती, श्री शिव जी की आरती, श्री रामस्तुति, सामूहिक चालिसा, पाठ हनुमाननाष्टक के बाद कार्यक्रम को विश्राम दिया जाएगा।

## सीएम के निजी सहायकों ने श्रीराम और दंतेश्वरी की पूजा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहार

डौंडीलोहारा के राजमहल में गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निज सहायक तुलसी कौशिक व भजन साय पहुंचे। इस दौरान युवराज लाल निर्वेद्र सिंह टेकाम ने उनसे विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं के बारे में चर्चा की। साथ ही नगर पंचायत और आने वाले ग्राम पंचायत चुनाव की रणनीति को लेकर भी विशेष चर्चा हुई। फिर वे सभी के साथ राम मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। उसके बाद राजपरिवार की कुल देवी मां दंतेश्वरी का भी आशीर्वाद लिया। इस दौरान निज सहायक श्री कौशिक ने सभी से मुलाकात की। इस बीच बालोद जिले के पत्रकार दीपक यादव के इलाज और आ रही परेशानी के संबंध में भी युवराज लाल निर्वेद्र सिंह टेकाम ने जानकारी दी और शासन से मदद दिलाने का आग्रह किया। इस पर श्री कौशिक ने मुख्यमंत्री से चर्चा कर आचार संहिता के बाद सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान श्री टेकाम के साथ ही पार्षद नारायण सिन्हा, पार्षद सोहद्र देवांगन, विशाल ▶▶| शेष पेज 12 पर


### मनरेगा के तहत काम कर रहे मजदूरों ने बताई समस्या

# काम पूरा होने के बाद हाजिरी लगाने इंतजार, गर्मी ने बढ़ाई मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

एक ओर जहां इन दिनों भीषण गर्मी के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है, वहीं दूसरी ओर मनरेगा के तहत काम करने वाले मजदूरों को काम हो जाने के बाद भी मजबूरी में धूप में रहना पड़ रहा है। डोंडी विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में नौतपा की गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्य कर रहे ग्रामीण मजदूरों के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने से कार्यरत मजदूरों को कार्यस्थल के आसपास पेड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं, दिए गए माप के अनुरूप कार्य पूर्ण करने के बाद भी दूसरी बार फोटो खिंचवाने व उपस्थिति दर्ज कराने के लिए घंटों रुकना पड़ रहा है। रोजगार गारंटी योजना में कार्य कर रही महिलाओं ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि सुबह कार्य में लगने से पहले हाजरी ली जाती है व मोबाइल से फोटो खींचा जाता है। उसके बाद दिए गए कार्य को पूरा करते हैं। कार्य पूर्ण होने के बाद सुबह के समय खींचे गए फोटो के समय से चार घंटे बाद फिर हाजिरी ली जाती है व फोटो खींचा जाता है, तब जाकर छुट्टी मिलती है। छुट्टी होते-होते दोपहर के 1 से 2 बज जाते हैं। वहीं, कभी-कभी नेटवर्क नहीं मिलने पर और भी देर हो जाती है, क्योंकि फोटो खींचने का कार्य आनलाइन होता है।





### प्रक्रिया शिथल करने की मांग

मजदूरों की समस्या को देखते हुए पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने भीषण गर्मी के साथ लू के प्रकोप को देखते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत तालाब व नाला गहरीकरण ,सड़क निर्माण कार्यों में कार्यरत मजदूरों को दिए गए निर्धारित कार्य को पूर्ण करने के बाद जल्दी से छुट्टी देने के लिए नेशनल मोबाइल मानिटरिंग सिस्टम से फोटो खींचने की प्रक्रिया शिथिल करने की मांग शासन प्रशासन से की है।

### भीषण गर्मी का सामना करना मजबूरी

मजदूरों ने बताया कि कार्य करने के बाद खाली बैठना व घर पहुंचते तक भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है। लगातार पड़ रही भीषण गर्मी से लोग बीमार हो रहे हैं। तालाब गहरीकरण कार्यस्थल पर उपस्थित महिलाओं ने बताया कि तालाब में कार्य कर रहे हैं, तो हमको कार्य पूर्ण होने के बाद नेशनल मोबाइल मानिटरिंग सिस्टम के तहत फोटो खिंचवाने के लिए रुकना पड़ रहा है। वहीं, हितग्राही मूलक कार्यों डबरी निर्माण, खेती मरम्मत कार्यों में कार्यरत मजदूर दिए गए मापदंड के अनुरूप कार्य करने के बाद जल्दी घर पहुंच रहे हैं। जबकि दोनों जगह रोजगार गारंटी के तहत जाबकार्डधारी मजदूर ही काम कर रहे हैं। मजदूरी की राशि भी बराबर है।


पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### अम्मा चोले वाली का बरसी महोत्सव 7 को

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में 7 जून को अम्मा चोले वाली का बरसी महोत्सव दरबार की महंत



अम्मा मीरा देवी के सानिध्य मे मनाया जाएगा। यह जानकारी दरबार के सेवादारी अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, सुशील केशवानी, पवन प्रीतवानी, दिनेश दावानी ने देते हुए बताया कि बरसी महोत्सव में तिल्दा, भाटापारा, चकरभाटा, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, धमतरी, दल्ली राजहरा, राजनांदगांव, दुर्ग-भिलाई समेत 11 धाम से श्रद्धालु शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शदाणी दरबार के संत डॉ. युधिष्ठिर लाल उपस्थित रहेंगे। सुबह 11 बजे अखंड धुनी पाठ साहब, आरती, सत्संग, कीर्तन, शाम 5 बजे महिला मंडल सत्संग, 7 बजे से विनोद चावला का विशेष कार्यक्रम आयोजित है। रात 8 को अखंड धुनी पाठ साहब का समापन होगा। उसके बाद भंडारा प्रसाद का आयोजन है।

### महाराष्ट्र मंडल का शिवाजी महाराज राज्याभिषेक समारोह 6 को

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल द्वारा 6 जून को तात्यापारा चौक स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के समक्ष 351वां राज्याभिषेक समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मराठा मित्र मंडल, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुनबी महासंगठन, मराठा युवा समाज, मराठी स्वर्णकार समाज और मराठी तेली समाज भी साथ होंगे। मंडल के सचिव चेतन दंडवते ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का सात नदियों के पानी और दूध से मंत्रोच्चार के बीच अभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात शिवाजी महाराज की महाआरती की जाएगी।

### सद्गुरु कबीर साहेब प्रकटोत्सव समारोह 16 से

**रायपुर।** श्री सद्गुरु कबीर सत्संग समिति एवं आमीन माता महिला मंडली के तत्वावधान में एक दिवसीय सद्गुरु कबीर साहेब प्रकटोत्सव समारोह 16 जून को आयोजित है। गांधी चौक के पास कबीरहा पारा देवपुरी साहू समाज के भवन के सामने कार्यक्रम स्थल तय किया गया है। जहां सुबह 10 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। 11 बजे रामकुमार साहेब द्वारा निर्गुण कायाखण्डी भजन पेश किए जाएंगे। शाम 5 बजे से भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### कोटा में शनिदेव जन्मोत्सव 6 को

**रायपुर।** मेनरोड कोटा में नवनिर्मित श्री शनिदेव मंदिर में प्रथम वर्ष शनिदेव जन्मोत्सव 6 जून को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस



संबंध में शनिदेव मंदिर के पुजारी रोहित शर्मा ने बताया कि सर्वप्रथम सुबह 7.30 बजे आरती, 11 बजे हवन, 11.30 बजे भंडारा, शाम 4 बजे से सुंदरकांड का पाठ एवं रात्रि 7.30 बजे महाआरती ढोल-बाजे एवं आतिशबाजी के साथ की जाएगी। रात्रि 8 बजे भोग प्रसाद का वितरण एवं भजन संध्या 7 बजे से जय किशन एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में असली फूलों से पूरे मंदिर का श्रृंगार किया जाएगा।

# 12 रेलवे ब्रिज में लगा वाटर मॉनिटरिंग सिस्टम, मोबाइल पर आएगा अलर्ट मैसेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बारिश से पहल रेलवे ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। नदियों का जलस्तर मापने रेलवे ने जोन के महत्वपूर्ण पुलों पर नया सिस्टम लगाया है, जिससे अब चंद सेकंड में वाटर लेवल की जानकारी मिल जाएगी।

■ नए सिस्टम से रीडिंग में नहीं होगी त्रुटि

इसके अलावा यह सिस्टम बाढ़ की स्थिति निर्मित होने से पहले अलर्ट भी करेगा और नदियों का पानी पटरी में आने से बचाएगा। रेलवे ने जलस्तर मापने के लिए मीटर गेज के स्थान पर नई तकनीक वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया है। इस सेंसर युक्त उपकरण से जलस्तर की पूरी जानकारी त्वरित मिल रही है।

नदी में जल का स्तर अचानक बढ़ाने की स्थिति में इस सिस्टम से जुड़े अधिकारियों के मोबाइल पर तुरंत अलर्ट मैसेज भी आयेगा, जिससे समय रहते संरक्षित रेल परिचालन को भी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत 12 महत्वपूर्ण रेलवे पुलों पर यह तकनीक स्थापित की गई है।

### पारंपरिक गेज पद्धति से वाटर लेवल की तत्काल नहीं मिलती थी सूचना

#### 24 घंटे जलस्तर की निगरानी

पहले पारंपरिक गेज पद्धति से नदियों का जलस्तर पता किया जाता था। इसमें त्वरित सूचनाएं नहीं मिल पाती थीं। वाटर लेवल रीडिंग में भी त्रुटि की संभावना होती थी। रेलवे ट्रैक और पुल पर खतरे का आकलन मुश्किल भरा होता था। कई बार बाढ़ का पानी ट्रैक पर भी आ जाता था, लेकिन इस आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से नदियों पर 24 घंटे जल के स्तर की निगरानी आसान हो रही है।



#### इस तरह काम करता है सिस्टम

नदियों के जलस्तर को मापने की पारंपरिक गेज पद्धति के स्थान पर आधुनिक वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम लगाया गया है। सेंसर युक्त यह सिस्टम ट्रैक मैनेजमेंट सिस्टम से जुड़ा होता है। इसमें एक चिप लगा हुआ है। उसमें पुल से संबद्ध सहायक मंडल इंजीनियर, कार्य निरीक्षक और रेल पथ निरीक्षक आदि के मोबाइल नंबर दर्ज रहते हैं। पुल पर जलस्तर बताने वाले स्केल को सेंसर सिस्टम रीड करता रहता है। जब जलस्तर खतरे के निशान से बढ़ता या घटता है, तो यह मशीन स्वतः संबंधित इंजीनियरों व अधिकारियों को एसएमएस भेजती है।

### राजधानी से सटे निगम के 40 वार्ड में डेढ लाख से ज्यादा आबादी के बीच अटकी सुविधा

# 9 साल में बिरगांव निगम नहीं बना पाया 5 जोन कार्यालय, हर काम के लिए मुख्यालय की दौड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

सरकार ने करीब 9 साल पहले एक लाख से ज्यादा की आबादी को देखते हुए बिरगांव पालिका परिषद को नगर निगम का दर्जा दिया, लेकिन लोगों की सुविधा के लिए अभी तक जोन कार्यालय नहीं बना पाए हैं। इसके लिए 7 साल पहले पांच जोन कार्यालय बनाने का प्रस्ताव बनाने के लिए दिशा-निर्देश देने के बाद जिम्मेदार भूल गए। इसका खामियाजा रोज 6 गांव में बनाए गए 40 वार्ड के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, निगम के जिम्मेदारों ने राजस्व वसूली के लिए हर गांव में कार्यालय खोलकर खानापूर्ति की है। इससे 15 सौ से ज्यादा लोगों को हर महीने 3 से 4 किलोमीटर दौड़ लगानी पड़ती है।

हरिभूमि सरोकार

औद्योगिक क्षेत्र से घिरे बिरगांव निगम को 2003 में 55 हजार से ज्यादा की आबादी को देखते हुए सरकार ने नगर पालिका परिषद बनाया। इसके बाद 2014 -15 में एक लाख 30 हजार की आबादी के लिहाज से वार्डों को 35 से बढ़ाकर 40 करते हुए नगर निगम बनाया गया। अभी भी उरकुरा, रावांभाठा व उरला-अछोली के लोगों को जहां ढाई से 3 किलोमीटर दूर निगम मुख्यालय में समस्या का समाधान करवाने के लिए चक्कर लगाना पड़ता है। वहीं सरोरा के लोगों को करीब 4 किलोमीटर दूर निगम कार्यालय जाना पड़ता है। इसे देखते हुए लोगों की मांग पर 7 साल पहले इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजने से पहले प्रक्रिया करने के लिए दिशा-निर्देश देने के बाद जिम्मेदार भूल गए, लिहाजा अभी तक प्रस्ताव नहीं बनने से इसको लेकर एमआईसी व सामान्य सभा में चर्चा भी नहीं हुई।

#### निगम मुख्यालय में ही समाधान




वार्ड पार्षदों ने बताया कि बिरगांव में तीन व बाकि उरला-अछोली, सरोरा, रावांभाठा और उरकुरा में एक-एक राजस्व कार्यालय शुरू करने के बाद जिम्मेदारों ने चुप्पी साध ली है। जबकि उरला में वार्ड क्रमांक 01, 02,03,04 और 05 के साथ अछोली के वार्ड क्रमांक 06,07,08 में रहने वाले लोगों को कई बार मुख्यालय आना-जाना पड़ता है। इस समस्या से रावांभाठा के वार्ड क्रमांक 09,10,11,12,13,14,15 में रहने वाले लोग भी जुझ रहे हैं। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, राशन कार्ड बनवाने, नवीनीकरण, पेंशन, नया नल कनेक्शन, नक्शा पास कराने, बिजली कनेक्शन के लिए एनओसी लेने ही नहीं, सफाई व स्ट्रीट लाइट के लिए भी मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ती है। इसके चलते रोजी-मजदूरी करने वालों को काम करवाने के लिए छुट्टी लेनी पड़ती है।

#### जनहित में बनवाएंगे प्रस्ताव

लोगों की सुविधा के लिए नए सिरे से प्रस्ताव बनवाया जाएगा। लोगों के बीच सुविधा बढ़ाने के लिए जोन कार्यालय बनाने सरकार को प्रस्ताव दिया जाएगा। इसके लिए सामान्य सभा में सहमति बनाने का प्रयास किया जाएगा।

**- नंदलाल देवांगन,** महापौर नगर निगम, बिरगांव

#### सुविधा की बेहतरी के लिए जरूरी

आबादी लगातार बढ़ने से जोन कार्यालय की जरूरत महसूस की जा रही है। लोगों को 3 से 4 किलोमीटर दूर निगम मुख्यालय आना-जाना पड़ता है। इससे मुक्ति दिलाने और सुविधा की बेहतरी के लिए जोन कार्यालय जरूरी है।

**- ओमप्रकाश साहू,** नेता प्रतिपक्ष नगर निगम, बिरगांव

#### एमआईसी में लाया जाएगा प्रस्ताव

निगम सूत्रों ने बताया कि बिरगांव में ही 17 वार्ड है। यहां निगम मुख्यालय होने से लोगों को ज्यादा परेशानी नहीं होती है। इसके बाद भी दो जोन कार्यालय बिरगांव व उरला, अछोली और सरोरा के वार्डों की जिम्मेदारी एक जोन को देने की तैयारी की गई थी। रावांभाठा और उरकुरा में एक-एक जोन कार्यालय बनाने के लिए विधायक ने भी प्रस्ताव बनाने सहमति दी। इसके बाद विधान सभा चुनाव हुए और नई सरकार ने मामले में कोई विचार नहीं किया। अब जोन कार्यालय को लेकर फिर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। एमआईसी सदस्य इकराम अहमद ने मामले में बताया कि आगामी एमआईसी में समस्या का समाधान करने के लिए प्रस्ताव रखने के बाद दोबारा प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इससे लोगों को आसानी से सुविधा मिलेगी।

# बीड़ी, सिगरेट और गुटखा के सेवन से गंभीर बीमारियों का खतरा




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर




तंबाकू, गुटखा, सिगरेट के उपयोग से कई तरह की गंभीर बीमारियों का खतरा होता है। इससे लोगों को दूर रहने की आवश्यकता है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर दंत चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा तंबाकू एवं उसके उत्पादों के उपयोग पर रोक लगाने ओर इसके इस्तेमाल को कम करने लोगो को जागरूक करने के लिए 20 मई से 5 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौखिक कैंसर जांच शिविर एवं कैंसर से पूर्व होने वाले लक्षणों के बारे में मरीजों को जागरूक करने के लिए पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री एवम ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी विभाग द्वारा मुख्य भूमिका निभाई गई 1 मेडिकल कॉलेज, रायपुर के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के डॉ. संदीप अग्रवाल द्वारा तंबाकू निषेध पर कार्यशाला भी आयोजित की गई। इस अवसर पर छात्रों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मरीजों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के प्रति सचेत किया एवं नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया।

■ डेंटल कालेज में विश्व तंबाकू दिवस पर पुलिस का निजात अभियान

इस दौरान पुलिस अफसरों द्वारा नशा मुक्ति के लिए संचालित निजात अभियान के बारे में जागरूक किया गया। सभी कार्यक्रमों का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वीरेंद्र वाढेर के मार्गदर्शन में किया गया।

# ओडिशा से राजस्थान गांजा तस्करी, दो इंटर स्टेट तस्कर सहित चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर




कबीर नगर थाना क्षेत्र में पुलिस की नारकोटिक्स सेल ने दो इंटर स्टेट सहित चार गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 18 लाख रुपए का 61 किलो गांजा के साथ तस्करी में इस्तेमाल कार जब्त की है। पुलिस ने जिन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है, वो ओडिशा से गांजा तस्करी कर राजस्थान ले जाने की फिराक में थे।

पुलिस के मुताबिक गांजा तस्करी करने के आरोप में राजस्थान भरतपुर निवासी रूपेंद्र चौहान, कन्हैया गुर्जर के अलावा जरवाय निवासी अजय गौरे उर्फ बॉबी, अदहरुद्दीन कुरैशी को गिरफ्तार किया है। एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट के नारकोटिक्स सेल के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर गांजा तस्करों को टाटीबंध से बीएसयूपी कालोनी जाते रास्ते में घेराबंदी कर पकड़ा है। पुलिस के अनुसार अजय स्थानीय लेबल पर कुल्फी सप्लाय का काम करता है।

■ कुल्फी सप्लायर की मदद से गांजा तस्करी कर ले जाने की फिराक में थे तस्कर

राजस्थान के तस्करों से उसकी पुरानी पहचान है।

राजस्थान के तस्करों के कहने पर पेशे से ई रिक्शा चालक अजहरुद्दीन तथा अजय गांजा लेने ओडिशा गए थे। गांजा लाने के एवज में तस्करों ने अजय तथा अजहरुद्दीन को मोटी रकम कमीशन के रूप में देने का इकरार किया था।

# राजधानी में कहर ढा रही गर्मी दस साल का पीछे छूटा रिकार्ड



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी में इस बार नवतपा इतना अधिक तपा कि राजधानी में दस साल का रिकार्ड पीछे छूट गया। वर्ष 2015 में शहर का पारा 40.6 तक पहुंचा था। इस बार गुरुवार को 46.8 और शुक्रवार को 46.4 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक राजधानी में लू की स्थिति बहुत कम बार ही होती है, मगर इस बार भारी गर्मी ने इस अनुमान को गलत साबित कर दिया है। शहर में पिछले चार दिनों से गर्मी कहर ढा रही है और तापमान 45 डिग्री के पार होने की वजह से विभाग द्वारा लगातार ग्रीष्मलहर की चेतावनी जारी की जा रही है। गुरुवार की तुलना में शुक्रवार को शहर के तापमान में दशमलव 4 डिग्री की कमी आई, मगर इसका असर गर्मी पर नहीं हुआ और दिन में लोग तेज गर्मी से झुलसते रहे। शुक्रवार को भी शहर की सड़कों में दोपहर के वक्त सन्नाटा कायम रहा और आवाजाही करने वाले इक्के-दुक्के लोग नकाब में पूरी तरह लिपटे नजर आए।

■ लगातार दूसरे दिन पारा 46 डिग्री के पार

मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले चौबीस घंटे में गर्मी से किसी तरह की राहत मिलने के आसार नहीं है। तापमान मे भले ही थोड़ी कमी आ सकती है, मगर गर्मी से लोग परेशान रहेंगे। शहर का सर्वाधिक तापमान 30 मई 1988 को 47.9 का रिकार्ड है, जो अभी बरकरार है।

#### इस हफ्ते गर्मी के तेवर

| | |
|---|---|
| शुक्रवार | 46.4 |
| गुरुवार | 46.8 |
| बुधवार | 45.5 |
| मंगलवार | 45.8 |
| सोमवार | 43.6 |

# कलेक्टोरेट बिल्डिंग में शराबखोरी जारी, बाज नहीं आ रहे पियक्कड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी के कलेक्टोरेट परिसर से लेकर बिल्डिंग में नशाखोरी थमने का नाम नहीं ले रही है। परिसर में जहां कुछ दुकानों में जर्दायुक्त तंबाकू और सिगरेट का खुलेआम धंधा चल रहा है, वहीं दूसरी ओर कलेक्टोरेट बिल्डिंग में भी शराब पीने वाले लोग बाज नहीं आ रहे हैं। इससे पहले बिल्डिंग की सीढ़ियों की दीवारों पर लगी खिड़कियों पर शराब की खाली बोतलें मिली थी, वहीं गुरुवार को यहां कबाड़ हो चुके फर्नीचरों में बोतलें मिली हैं। यह बोतलें बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर मिली हैं। इससे पता चला है कि कुछ लोगों ने ड्यूटी टाइम के बाद बिल्डिंग को शराब पीने का अड्डा बना लिया है।

■ फर्नीचरों के कबाड़ पर छोड़कर जा रहे खाली बोतलें

#### अपर कलेक्टरों से लेकर कई विभागों के दफ्तर हैं बिल्डिंग में

कलेक्टोरेट की तीन मंजिला बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर अपर कलेक्टरों के दफ्तर व कोर्ट रूम बने हुए हैं। दूसरी


कलेक्टोरेट बिल्डिंग के तीसरे माले में शराबखोरी, खिड़कियों से झांक रही बोतलें

मंजिल में खनिज व आबकारी विभाग के दफ्तर तथा तीसरी मंजिल में आदिवासी विकास, योजना एवं सांख्यिकी, समग्र शिक्षा सहित अन्य विभाग के दफ्तर हैं। इस तरह बिल्डिंग के हर दफ्तर में अधिकारी से लेकर बड़ी संख्या में कर्मचारी भी बैठते हैं। इसके बाद भी इस बिल्डिंग में शराबखोरी को रोकने के लिए अब तक कोई प्रयास नहीं किया गया है।

#### अब तक कार्रवाई या सख्ती नहीं

कलेक्टोरेट के पूरे परिसर में नशा प्रतिबंधित है। इसके बावजूद परिसर से लेकर बिल्डिंग में लोग शराब, जर्दायुक्त गुटखा व सिगरेट का सेवन कर रहे हैं। इस पर लगाम लगाने के लिए अब तक प्रशासन स्तर पर कोई कार्रवाई या सख्ती बरती नहीं गई है। इसके कारण यहां नशाखोरी करने और बेचने वाले दोनों के मनोबल बढ़े हुए हैं।

#### गंदगी और कबाड़ से कर्मचारी भी परेशान

इस बिल्डिंग में गंदगी और कबाड़ से कर्मचारी भी परेशान हैं। नाम नहीं बताने की शर्त पर तीसरी बिल्डिंग के कुछ कर्मचारियों ने बताया कि इस बिल्डिंग का सबसे बुरा हाल है। नियमित सफाई नहीं होती, वहीं बाथरूम, लिफ्ट व सीढ़ियों पर गदंगी पसरी रहती है। इस गंदगी के बीच अब ड्यूटी टाइम के बाद यहां अज्ञात लोग शराब भी पीने लगे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें लगता ही नहीं है कि राजधानी के कलेक्टोरेट की बिल्डिंग है, जहां अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों के दफ्तर हैं।

# शराब पीने के दौरान विवाद पर महिला की हत्या कर लाश सीवरेज पाइपलाइन में छिपाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। अधेड़ महिला की हत्या के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज तथा स्थानीय मुखबिरों की मदद से की। हत्या की वजह शराब पीने के दौरान विवाद है। बदमाशों ने महिला के सिर पर पत्थर कुचलकर हत्या की थी। हत्या करने के बाद बदमाशों ने महिला की लाश को पुल के नीचे पाइप में छिपा दी थी।

पुलिस के मुताबिक केवरा बाई की हत्या के आरोप में टिकरापारा निवासी रवि निषाद, खूब सिंग सेन तथा




गरियाबंद, फिंगेश्वर निवासी तोरण विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार केवरा बाई की लाश 23 मई को कमल विहार सेक्टर चार में पुल के नीचे पाइप में मिली थी। महिला की लाश पूरी तरह से सड़ गई थी। इस वजह से महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। महिला के मंगलसूत्र, चूड़ी तथा साड़ी के आधार पर केवरा बाई के बेटे ने शिनाख्ती की। केवरा बाई के बेटे ने पुलिस को बताया कि उसकी मां 18 मई से घर से लापता हो गई है, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 21 मई को टिकरापारा थाने में की थी।

#### ज्यादा शराब पीने की चाहत में विवाद बढ़ा

पुलिस के मुताबिक महिला आदतन शराबी थी। महिला जिस दिन से अपने घर से निकली थी, उस दिन से वह घूम-घूम कर लोगों से मांग कर शराब पी रही थी। पुलिस ने जिन तीन लोगों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है, उन लोगों ने पूछताछ में पुलिस को बताया है कि महिला शराब पीने के दौरान तीनों लड़कों को और शराब पिलाने के लिए जिद कर रही थी। इसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हुआ और उन्होंने महिला की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी।

# रविवि की बैठक में उबले प्राचार्य, 6 में से 5 एसी खराब, कुछ की तबीयत खराब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा शुक्रवार को आयोजित प्राचार्यों की बैठक में गहमा-गहमी का माहौल रहा। भीषण गर्मी में आयोजित इस बैठक में रविवि का एसी काम कर नहीं कर रहा था। इसे लेकर प्राचार्यों ने आक्रोश जताया। यही नहीं, कई प्राचार्य बैठक समाप्त होने से पहले ही हॉल छोड़कर चले गए। रविवि द्वारा विवि अध्ययनशाला के सीवी रमन हॉल में यह बैठक रखी गई थी। इस हॉल में 6 एसी हैं। इनमें से मात्र एक ही कार्य कर रहा था, जबकि हॉल में मौजूद व्यक्तियों की संख्या अत्यधिक थी।

शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यों की बैठक पहली पाली में सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुई। इस दौरान तापमान अपेक्षाकृत कम था। इस बैठक में 50 के लगभग प्राचार्य और



महाविद्यालय के सहयोगी स्टाफ शामिल हुए। दूसरी पाली की बैठक निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों की थी। इसमें लगभग 80 प्राचार्यों ने हिस्सा लिया। दोपहर 2.30 बजे से यह बैठक शुरू हुई। इस दौरान भीषण गर्मी का सामना प्राचार्यों को करना पड़ा।

#### ठंडे पानी की भी व्यवस्था नहीं

एसी के अलाव कक्ष में मौजूद प्राचार्यों के लिए पीने के ठंडे पानी की भी व्यवस्था नहीं थी। तमाम व्यवस्थाओं को लेकर प्राचार्यों ने आक्रोश जताया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कई प्राचार्य इस भीषण गर्मी में स्वयं का असहज महसूस करने लगे। कई की तबियत भी इस दौरान बिगड़ने लगी। इसके बाद बैठक बीच में ही छोड़कर कई प्राचार्य चले गए।

#### अलग-अलग बुलाए जाने का भी विरोध

शासकीय और निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक एक ही विषय को लेकर बुलाई गई थी। इसके बाद भी उन्हें अलग-अलग पालियों में बुलाया गया। आमतौर पर रविवि द्वारा एक ही मुद्दे पर बैठक आयोजित किए जाने पर शासकीय और अशासकीय दोनों ही महाविद्यालयों को सामूहिक रूप से एक साथ आमंत्रित किया जाता है। यह पहली बार है, जब इस तरह उनका विभाजन कर दिया गया।

## खबर संक्षेप



### जिला अस्पताल को भेंट की दीवार घड़ी

**दुर्ग ।** जिला अस्पताल की चिकित्सकीय सेवा में लगातार सुधार आ रहा है। जिससे प्रभावित होकर इंदिरा मार्केट स्थित अजंता वॉच कंपनी के डीलर नीलेश सोनी ने गुरुवार को जिला अस्पताल के आपातकालीन विभाग को दो नग दीवाल घड़ी दान स्वरुप उपलब्ध करवाई। उन्होने अस्पताल के अन्य विभागों के दीवाल घड़ियों का निःशुल्क मेंटेनेंस करने का भी जिम्मा उठाया है। श्री सोनी द्वारा यह सेवाभावी कार्य जिला अस्पताल जीवनदीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर और मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर की प्रेरणा से की गई है। अजंता वॉच कंपनी के डीलर नीलेश सोनी ने जिला अस्पताल के सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ हेमंत साहू को उक्त दो नग दीवाल घड़ी सौंपा। इस अवसर पर जीवनदीप समिति सदस्य दिलीप ठाकुर, सदस्य प्रशांत डोंगावकर, अस्पताल सलाहकार डॉ ओपी वर्मा, योगेश चंद्राकर, मेट्रन सी बोरकर आदि मौजूद रहे।

### रुपा रानी को पीएचडी



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई द्वारा श्रीमती रुपा रानी देवांगन को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। रुपा रानी एप्लाइड मेथमेटिक्स बीआईटी दुर्ग में कार्यरत है। उन्हें एक्जिस्टेंट एंड स्टेबिलिटी आफ इक्विलिब्रियम पाइंट इन द इलिप्टिकल रिस्ट्रिक्टेड फोर बॉडी प्राब्लम विथ रेडिएटिंग एंड आब्लेटनेस विषय पर यह उपाधि प्रदान की है। इन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. मिथलेश देव पांडेय एवं डॉ श्रीमती अंनिन्दिता चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में पूरा किया।

### 4 जून को शुष्क दिवस घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24, 1 के तहत दुर्ग जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना तिथि 04 जून को मतगणना स्थल क्षेत्र श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जुनवानी भिलाई एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में मदिरा दुकानों के लिए शुष्क अवधि शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त अवधि में मतगणना स्थल क्षेत्र एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें, रेस्टॉरेन्ट, बार, होटल बार, क्लब आदि सम्पूर्ण दिवस बंद रहेंगे।

### आवासीय तीरंदाजी का चयन ट्रायल 3 व 4 को

**दुर्ग।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा रायपुर जिले में एनएसडीसी लिमिटेड के वित्तीय सहयोग से संचालित विभागीय आवासीय तीरंदाजी खेल अकादमी में प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों का प्रवेश नवीनीकरण एवं नवीन प्रवेश हेतु खेल अकादमी संचालन नियम 2014 के अनुसार राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 3 से 4 जून को सुबह 7 बजे से अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर में किया जा रहा है। सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण श्री लकड़ा के अनुसार 13 से 17 आयु वर्ग के तीरंदाजी खिलाड़ी इसमें भाग ले सकते हैं।

# मतगणना की होगी रिकार्डिंग, पन्द्रह से ज्यादा नहीं रख सकेंगे एजेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

लोकसभा निर्वाचन 2024 अतंर्गत 4 जून को होने वाले मतगणना के लिए जिला प्रशासन द्वारा तगडी तैयारियां कर ली गई है। शुक्रवार को कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री चौधरी ने मतगणना स्थल पर किये गये व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुये बताया कि, श्री शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज जुनवानी भिलाई में मतगणना स्थल पर प्रवेश के लिए अधिकृत प्रवेश पत्र की व्यवस्था की गई है। मतगणना परिसर पर बिना पास के प्रवेश नही दी जायेगी। मतगणना कक्ष पर मोबाइल सभी के लिए वर्जित है। मतगणना स्थल पर सम्पूर्ण गतिविधियों की वीडियो रिकार्डिंग की जायेगी। प्रत्याशी, मतगणना एजेंट, मतगणना कर्मी सहित किसी भी अधिकारी या कर्मचारी या मीडिया प्रतिनिधि मतगणना स्थल में मोबाइल फोन सहित कोई भी इलेक्ट्रानिक गैजेट, स्मार्ट वॉच, पेन ड्राइव, पेन, तम्बाकू, पान, सिगरेट नहीं ले जा सकेंगे। आयोग द्वारा प्रदत्त प्राधिकारपत्रधारी मीडिया प्रतिनिधियों के लिए मतगणना केन्द्र में एक मीडिया सेंटर भी होगा जबकि विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्ष में प्रवेश हेतु निर्वाचन अभिकर्ताओं को अलग-अलग रंगों के पास के आधार पर प्रवेश दी जाएगी।

## मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच अन्दर ले जाने की नहीं होगी अनुमति

### ये नही बनेंगे अभिकर्ता

निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थी का मतगणना अभिकर्ता नियुक्त नही किया जा सकता। केन्द्र या राज्य सरकार का वर्तमान मंत्री, संसद या विधानमण्डल का सदस्य, किसी निगम का मेयर या नगर पालिक, जिला परिषद, पंचायत संघ आदि के अध्यक्ष, केन्द्रीय पीएसयू, राज्य पीएसयू, सरकारी निकाय, निगम के अध्यक्ष तथा सदस्य, सरकार से मानदेय प्राप्त करने वाला व्यक्ति अथवा सरकारी, सरकार से सहायता प्राप्त संस्थाओं में आंशिक रूप से कार्यरत व्यक्ति, सरकारी/सरकार से सहायता प्राप्त संस्थाओं में कार्यरत पैरामेडिकल, हेल्थकेयर स्टाफ, उचित मूल्य की सरकारी दुकान के डीलर, आंगनबाड़ी कर्मचारी, सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति को मतगणना अभिकर्ता नियुक्त नही किया जा सकता।



### ऐसी होगी बैठक की व्यवस्था

अभ्यर्थी द्वारा नियुक्त एंजेट की अधिकतम संख्या 15 से अधिक नही होनी। मतगणना के तीन दिन पहले अभिकर्ताओं की नियुक्ति कर सकेंगें। नियुक्ति पत्र, पहचान पत्र और घोषणा के सत्यापन के बाद रिटर्निंग ऑफिसर मतगणना अभिकर्ता को मतगणना हॉल में प्रवेश करने की अनुमति देगा। प्रथम पंक्ति में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों के अभिकर्ता, द्वितीय पंक्ति में मान्यता प्राप्त राज्यीय दलों के अभिकर्ता और तीसरे स्थान पर अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त राज्यीय दलों के अभ्यर्थी व चौथे स्थान पर पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता और पांचवे स्थान पर निर्दलीय अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता बैठ सकेंगे।

## तैयारी : तीनों जिले के किसानों ने लिया अब तक 399 करोड़ का कर्ज

# इस साल किसानों को बंटेगा दो सौ करोड़ का अधिक कर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग। इस खरीफ सीजन में जिले के किसानों को दो सौ करोड रूपए का अधिक कर्ज का वितरण किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा इस बार किसानों के प्रति हेक्टेयर में दो हजार रूपए की बढोत्तरी की है, वही पिछले खरीफ वर्ष 2023 में दुर्ग, बेमेतरा और बालौद में बारह सौ करोड रूपए का कर्ज वितरण किया गया था। लेकिन इस बार तीनों जिले में किसानों को 14 सौ करोड रूपए वितरण का टारगेट रखा गया है।

उल्लेखनीय हैं कि, खरीफ सीजन के लिए किसानों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कर्ज लिए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अफसरों ने बताया कि, इस बार कर्ज की लिमिट बढाई गई है। पिछले साल 58 हजार रूपए हेक्टेयर में कर्ज दिया जा रहा था, लेकिन इस बार साठ हजार रूपए तक कर्ज वितरण किया जाएगा। बहरहाल किसान नगदी कर्ज और खाद बीज का उठाव कर रहे है। अफसरों ने बताया कि, किसानों को साठ फीसदी नगदी राशि और चालीस फीसदी खाद और बीज उपलब्ध कराया जाता है। किसानों को खरीफ सीजन के लिए आगामी सितंबर माह तक कर्ज का वितरण किया जाएगा। जिसे किसानों को 31 मार्च तक चुकाना होता है। सहकारी केन्द्रिय बैंक में किसानों को बगैर ब्याज के कर्ज का वितरण किया जाता है।

## सितंबर माह तक खरीफ का कर्ज ले सकेंगे किसान




### बेमेतरा में बंटेगा पांच सौ करोड़ रूपए

जानकारी अनुसार दुर्ग जिले में कर्ज वितरण के लिए 420 करोड का टारगेट रखा गया हैं, जिसमें से अब तक 16472 किसानों ने 58 करोड का कर्ज लिया है, वही बेमेतरा में पांच सौ करोड के टारगेट में 3245 किसानों ने 197 करोड रूपए का कर्ज लिया है। बालौद में 480 करोड के लक्ष्य में अब तक 38799 किसानों ने 144 करोड रूपए का कर्ज लिया है। इस कर्ज का भुगतान किसानों को 31 मार्च के पहले हर साल करना होता है। जिसके बाद नया कर्ज वितरित जीरो फीसदी ब्याज पर किया जाता है।

### पिछले साल भी रिकार्ड तोड़ कर्ज वितरण

पिछले खरीफ 2023 में भले ही बारह सौ करोड रूपए का टारगेट रखा गया था। लेकिन विधानसभा चुनाव के बीच कर्ज माफी के हल्ला में किसानों ने 1448 करोड रूपए का कर्ज लिया था। हांलाकि 31 मार्च तक किसानों ने 1407 करोड यानि 98 फीसदी कर्ज की अदायगी भी कर दी थी। अफसरो ने बताया कि वर्ष 2022 खरीफ में दुर्ग, बेमेतरा और बालोद के किसानों ने 1115 करोड 54 लाख 67 हजार रूपए का कर्ज लिया था।

### उठाव जल्द करें

खाद का उठाव में गति नही आ रही है। इसलिए किसानों से अपील है कि, समय रहते खाद का उठाव कर ले, ताकि मानसून आने पर खेती समय पर कर सके।
**-ह्देश शर्मा,** प्रभारी, सीईओ, जिसकेबी

# अवकाश के दिनों में भी निगम में जमा कर सकेंगे टैक्स की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा निगम दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत निवासरत समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि वह अपने भवन भूमियों के संपत्ति कर एवं अन्य करो की राशि जल्द से जल्द जून 2024 से पूर्व जमा कर दें एवं 6% संपत्ति कर छूट प्राप्त करें। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, आरके बोरकर सहित, योगेश सूरे के अलावा राजस्व निरीक्षकों की बैठक ली गई। बैठक में उन्होंने स्पष्ट रूप से राजस्व अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षकों को हिदायत दी गई कि वह अपने-अपने वार्डों में जाकर भवन भूमि स्वामियों से संपर्क करें एवं करो की राशि जमा करावे। इस हेतु सहायक राजस्व निरीक्षकों की ड्यूटी वार्ड वार लगाई गई है। इनका फोन नंबर नगर निगम द्वारा जारी किया गया है। करदाता सीधे सहायक राजस्व निरीक्षकों से मिलकर उन्हें टैक्स की राशि जमा करने हेतु संपर्क कर सकते है। नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा करदाताओ को सुविधा प्रदान करते हुए बोरसी एवं आदित्य नगर जोन कार्यालय में भी जाकर टैक्स की राशि जमा करवा सकते हैं एवं जल्द ही ऑनलाइन करने की सुविधा करदाताओं को प्राप्त होगी नगर निगम में शुरुआती आवश्यक तैयारी पूरी कर ली है एवं जल्द ही ऑनलाइन करों की राशि स्वीकार की जावेगी। भवन भूमि टैक्स ऑनलाइन भी जमा कर सकेंगे। आयुक्त नगर निगम दुर्ग के द्वारा समय-समय पर टैक्स वसूली की समीक्षा की जावेगी।

### यहां भी कर सकेंगे टैक्स जमा

नगर निगम के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में भी संपत्तिकर जमा करने के लिए काउंटर है। जिसके लिए आयुक्त लोकेश चन्द्रकर के द्वारा आदेश जारी कर सहायक राजस्व निरीक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

# कन्या छात्रावास में विश्व मासिक धर्म पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विश्व मासिक धर्म के तहत एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन आर्यभट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण (कन्या) केन्द्र दुर्ग, कन्या छात्रावास आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग में सम्पन्न हुआ। जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मेनकाइन्ड फार्मा द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ स्त्रित्र एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ ज्योति गुरबक्सानि द्वारा छात्रावास की छात्राओ को मासिक धर्म में होने वाली परिशानी तथा इस दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने



संबंधित जानकारी दी गई, वहीं प्रोजेक्टर के माध्यम से भी छात्राओं को उनके दैनिक जीवन में होने वाली शरीरिक और मानसिक विकास तथा मासिक धर्म के बारे में बताया गया। इस अवसर पर छात्रावास के प्रधानाध्यापक, शिक्षक मेनकाइन्ड फार्मा के प्रतिनिधि आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में 150 छात्राओं को जागरुक किया गया।

# बैठक में अनुपस्थित सचिव तकनीकी सहायक को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला पंचायत के सभाकक्ष में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्वीकृत किये गये समस्त निर्माण कार्यों की कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में डॉ संध्या कुर्रे ध्रुव सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंयायत दुर्ग द्वारा ग्राम पंचायतवार स्वीकृत समस्त निर्माण कार्यों की क्रमशः समीक्षा की गई। जिसमें व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, व्यक्तिगत सोखता गड्ढा, व्यक्तिगत नाडेप, सामुदायिक नाडेप एवं वर्मी कम्पोस्ट, रिचार्ज पिट, त्रिस्तरीय जलशुद्धिकरण इकाई, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट इकाई, फिकल स्लच ट्रीटमेंट प्लांट, सेग्रीगेसन शेड आदि के निर्माण एवं उपयोग की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी गई। साथ ही अप्रारंभ कार्यों को प्रारंभ कराने एवं निर्माणाधीन कार्यों को 15 दिवस के

■ स्वीकृत निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा




भीतर पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिए गए। जिसमें अप्रारंभ एवं बन्द पड़े कार्यों के ग्राम पंचायत सचिव एवं तकनीकी सहायक को कार्य में रूचि नहीं लिये जाने के लिए एवं समीक्षा बैठक में अनुपस्थित सचिव तकनीकी सहायक को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। ग्राम पंचायतों में सत्यापन के दौरान त्रुटिपूर्ण एवं गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों को सुधार कार्य करवाने के निर्देश जारी किये गये। गिरिश माथुरे जिला समन्वयक द्वारा ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम की मापदंडों के अनुसार गाँवों को मॉडल ग्राम बनाने के लिए सविस्तार से जानकारी दी गयी। प्रत्येक गाँव में प्रत्येक सप्ताह ग्रामीणों की सहभागिता से सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों की श्रमदान कर साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश दिये।

### 7 जून को पिथौरा में होगा राज्य शतरंज चयन स्पर्धा, पंजीयन कराना आवश्यक

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के मार्गदर्शन व ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन में पिथौरा में 7 जून से 10 जून तक सीनियर महिला, पुरुष का छत्तीसगढ़ राज्य फीडे रेटिंग शतरंज चयन स्पर्धा का आगाज होने जा रहा है । इस स्पर्धा में अब तक बस्तर, दुर्ग, बिलासपुर, रायपुर, सरगुजा, महासमुंद, राजनांदगांव, कोरबा, बलौदाबाजार, मुगेली, जशपुर, कवर्धा, बालोद, रायगढ़, दंतेवाड़ा, अंबागढ़ चौकी से 80 खिलाड़ियों ने पंजीयन करा लिया है। अन्य जिले से भी जिला इकाइयों ने जिला चयन स्पर्धा कराकर खिलाड़ी भेजने की जानकारी दी है। उक्त स्पर्धा में 100 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे।



स्पर्धा में हिस्सा लेने हेतु सभी खिलाड़ियों का राज्य व ऑल इंडिया चेस फेडरेशन का जीवित पंजीयन आवश्यक है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के निर्देशन में आयोजन समिति गठित कर ली गई है। जिसमें अनीश अंसारी अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक को चीफ आर्बिटर, टेक्निकल हेल्प हेतु रॉकी देवांगन, आवास व्यवस्था संजय श्रीवास्तव, कमरा एलॉटमेंट लोकनाथ पटेल, पंजीयन कक्ष यशवंत चौधरी, कार्यक्रम संयोजक ईश्वर सिंह राजपूत, मंच संचालन बीजू पटनायक, अतिथि स्वागत डॉ डी एन साहू, ए आइ सी एफ व सी जी एस सी, रजिस्ट्रेशन हेतु ओमप्रकाश को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# मच्छर व लार्वा को पनपने से रोकने निगम चला रहा युद्धस्तर पर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम में मच्छर उन्मूलन के लिए फाइट दी बाइट कार्यक्रम 15 दिनों से निरन्तर वार्डों में शुरू किया गया है। इसके लिए टीम बनाई गई है। यह अभियान निरन्तर जारी रहेगा। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि अभियान के तहत प्रिपरेशन और अवेयरनेस के तहत मच्छर और उसके लार्वा को पनपने से रोकने युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इस कड़ी में निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वर्षा ऋतु के आगमन से पहले मच्छर जनित डेंगू, मलेरिया से बचाव व नियंत्रण के लिए आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली सहित विशेष दस्ता टीम के साथ सुबह शहर के वार्ड 32 ब्राह्मण पारा, वार्ड 22 तितुरडीह आदि जगहों में अवलोकन कर लोगो के घरों में पहुंचकर सर्वे किया। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा फाइट द बाइट अभियान का एक बड़ा हिस्सा है जिसे निगम में शुरू किया गया है। अभियान के अन्तर्गत प्रतिदिन वार्ड वार अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त ने बताया कि बाजार क्षेत्र समेत सभी सार्वजनिक स्थलों पर साफ सफाई की जाएगी। वहां नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। ताकि कहीं भी गंदगी वाला स्थान न दिखे। घरों में बर्तन धोने वाले स्थान, टायर में जमा पानी, गमले और कूलर में जमे पानी से होने वाले नुकसान की जानकारी लोगों को दी जाएगी, ताकि मच्छरों को पनपने से रोका जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान जावेद अली ने बताया कि स्वच्छता सफाई कर्मी द्वारा घर-घर जाकर मच्छर उन्मूलन के लिए जानकारी दी जाएगी।

■ प्रभारित को नियमित मॉनिटरिंग के दिये निर्देश



## सामाजिक संस्थाओं ने भीषण गर्मी में राहत देने चलाया अभियान

# गर्मी में राहगीरों की बुझाई प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अग्रवाल समाज दुर्ग की महिला मंडल ने राहगीरों के लिए प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार के पेयजल की व्यवस्था कर प्यास बुझाई गई। अग्रवाल महिला समाज की अध्यक्षता सरिता गोयल एवं सचिव सरोज अग्रवाल ने बताया कि, सेवा सप्ताह का आयोजन प्रतिवर्ष अग्रवाल समाज दुर्ग द्वारा किया जाता है। इस वर्ष यह आयोजन शहर के अग्रसेन चौक, कादंबरी नगर, महाराज चौक, इंदिरा मार्केट सहित प्रमुख चौक पर आम, पानी, छाछ, नींबू पानी, रसना सहित अन्य पेय पदार्थ का वितरण कर राहगीरों को गर्मी से निजात दिलाने का प्रयास किया गया l अग्रवाल समाज दुर्ग के महासचिव ललित सेक्सरिया एवं कोषाध्यक्ष पंकज किर्तुका ने बताया कि, इस पुण्य कार्य में युवा मंडल भी अपनी सहभागिता सक्रियता से निभाता है l कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रहलाद रूंगटा, मुरारी अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, रूही अग्रवाल, उषा अग्रवाल, प्रीति राजगढ़िया, संजना पोद्दार सहित समाज के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थेl

■ अभियान चलाकर निभाई गई महती भूमिका



# कमरे में बंद कर मारपीट तीन लोगों पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अवैध क्वाटर में बंद कर युवक के साथ जमकर मारपीट करने का वीडियों वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आते हुए। तीन युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट, 323, 342,384,506 बी के तहत जुर्म ददर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि उमदा भाठापारा निवासी युवराज ठाकुर मुर्गा दुकान में काम करता है। आरोपी शुभम नंदी उर्फ बंगाली दादा, आयुष तिवारी, मंगल उर्फ लक्की ने 70 रूपये लिया था। जिसे मांगने के लिए सीएसईबी कालोनी भिलाई 3 गया था। जहां पर शुभम नंदी उर्फ बंगाली दादा के घर गया तो शुभम , आयुष तिवारी, मंगल उर्फ लक्की ने मिलकर कमरे में बंद कर जमकर पिटाई किया। तीनों आरोपी युवकों ने युवराज पर आरोप लगाया कि पुलिस का मुखबिरी करता है।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# पारा पहुंचा 44 डिग्री सेल्सियस पर गांवों में भी दोपहर में घरों में सिमटे रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

प्रकृति से मिलने वाला हर चीज वरदान होता है। पुरे साल भर को देखे तो मुख्यत तीन ऋतु में बटा हुआ है। गर्मी, वर्षा और शीत ऋतु तीनों ही प्रकृति के संतुलन के लिए आवश्यक है। मानव द्वारा प्रकृति को छेड़ने से पर्यावरण असंतुलन की स्थिति बढ़ गई है। विभिन्न सुविधाओं में रहने से शरीर की क्षमता भी इन मौसमों को सहने के लायक नहीं रहा है। इसलिए वर्तमान मौसम को कोसने लगते है कि गर्मी है तो बरसात अच्छा बरसात होने पर ठंड अच्छा ऐसे सोचते रहते है बल्कि प्राकृतिक वातावरणों से लड़ने लायक अपने शरीर को नहीं बना पाते है। नौतपा के सातवें दिन पारा 44 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। गांव में पेड़ों के अंधाधुंध कटाई के कारण छोटे-बड़े जीव जन्तु से लेकर गर्मी में अपने-अपने माद में दुबके हुए नजर आये। दोपहर 12 से 3 बजे तक सड़कें वीरान रही जैसे गांवों में अघोषित 144 धारा लग गया है। आवागमन बिल्कुल बंद सी रही।

## दोपहर 12 से 3 बजे तक व्यस्त रहने वाली सड़क भी रही वीरान

### नौतपा क्या है ?

जब सूर्य की परिक्रमा करते हुए 365 दिन बाद पृथ्वी उस स्थिति में आ जाती है, जबकि सूर्य के पीछे वृषभ तारामंडल का स्टार रोहिणी आ जाता है, तो इससे पहले नौ दिन जब सूर्यदेव कृतिका नक्षत्र से निकलकर 25 मई को रोहिणी नक्षत्र में आते हैं तो 9 दिन की अवधि नौतपा कहलाती है।



### नौतपा से प्रकृति में रहने वाले लोगों को लाभ

नौतपा की अवधि में सूर्य का तपना कितना आवश्यक है ।अगर इन दिनों में प्रचंड गर्मी या लू ना चली हो तो फिर वर्ष भर विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बुजुर्गो ने बताया कि दो मूसा, दो कातरा, दो तीडी ,दो ताय।दो की बादी जल हरै, दो विश्वर दो वाय।अर्थात नौतपा के 9 दिनों में पहले 2 दिन लूं ना चली और प्रचंड गर्मी ना हुई तो वर्ष भर ( मूसा)चूहों का आतंक रहेगा। जो फसलों के लिए और जनजीवन के लिए हानिकारक होता है। दूसरे दिन से अगले दो दिन लू ना चली और प्रचंड गर्मी ना हुई तो (कातरा) अर्थात फसल को नुकसान पहुंचाने वाले हानिकारक कीट नहीं मरेंगे जो आगे चलकर फसलों को नुकसान करेंगे। अगले दो दिन यानी तीसरे दिन से दो दिन में लू नहीं चली और प्रचंड गर्मी नहीं पड़ी तो टिड्डियों के द्वारा फसलों का नुकसान होगा उनके अंडे नष्ट नहीं होंगे। अगले दो दिन तक यदि प्रचंड गर्मी ना पड़ी तो जन मानस में ज्वर, बुखार बढ़ाने वाले कीटाणु नहीं मरेंगे। पूरे वर्ष बुखार आदि बीमारियों से जन सामान्य को ग्रस्तित करते रहेंगे। इसके बाद 2 दिन यदि भीषण गर्मी ना पड़ी तो ( विश्वर) अर्थात सांप, बिच्छू आदि जहरीले जंतु प्रकृति पर हावी हो जाएंगे। और उससे आगे दो दिन प्रचंड गर्मी ना पड़ी तो वर्ष भर आंधी ,तूफान चक्रवात भारी वर्षा से फसलों को नुकसान होगा। इसलिए हमारे ऋषि मुनियों और गाँव के बुजुर्गों के अनुभव के आधार पर जो बात लिखी है वह सर्वथा अनुकूल है। यदि इन दिनों में एक या दो दिन मौसम चक्र बिगड़ गया अर्थात बरसात हो गई तूफान आ गया तो उसी प्रकार के नुकसान प्रकृति में देखने को मिलते है।

## खबर संक्षेप

### गन्ना उत्पादक किसान संघ की बैठक आज

गुरूर। ब्लॉक गन्ना उत्पादक किसान संघ गुरुर की बैठक 2 जून को 12 बजे गायत्री मंदिर गुरुर में रखी गई है। अध्यक्ष दुलारू राम साहू ने क्षेत्र के समस्त गन्ना किसानों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। बैठक में प्रमुख रूप से धरना प्रदर्शन सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई



**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से मई माह में सेवानिवृत्त हुए गैर–कार्यपालकों को महात्मा गांधी कलामंदिर में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यकारी कार्यपालक निदेशक निशा सोनी, सीजीएम संदीप माथुर, जीएम एसके सोनी द्वारा कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया गया। कुल 135 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें कुल 17 कार्यपालक, 118 गैर–कार्यपालक शामिल है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में खदान बिरादरी के सदस्य भी शामिल हैं। संयंत्र की सेवा से सेवानिवृत्त हुए कार्यपालकों को भी इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित समारोह में विदाई दी गई। अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। सभी के योगदान को सराहा।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण हो गुणवत्तापूर्ण-आयुक्त

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र मे हो रहे नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रो के निर्माण को देखने पहुंचे निगम आयुक्त। जिससे आंगनबाड़ी के निर्माण की गुणवत्ता एवं आवश्यक सुविधा में किसी प्रकार की बाधा न हो। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव प्रातः भ्रमण के दौरान भिलाई निगम क्षेत्र के वार्ड 29 वृन्दा नगर में बन रहे नवीन निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रो का निरीक्षण किये तथा निगम के अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी को आवश्यक निर्देश दिये की निर्धारित समय अवधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण सभी आगनबाड़ी केन्द्रो का निर्माण हो जाना चाहिए। साथ ही आंगनबाड़ी के कमरो का निर्माण, दरवाजे, खिड़की, पानी, शौचालय एवं प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कार्य करे। आंगनबाड़ी का निर्माण इस प्रकार से किया जाये की बच्चो को बैठन खेलने में में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में शासकीय आंगनबाड़ी केंद्र का स्वयं का भवन नहीं होने के कारण किराए के भवनों में आंगनबाड़ी चलना पड़ता है इसलिए शासन द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद नगर निगम क्षेत्र में शासन के आदेश अनुसार नवीन आंगनबाड़ी का निर्माण किया जा रहा है जो निर्धारित समय में पूर्ण हो जाएगा ।

## नेहरु हाउस में इप्टा के बाल नाट्य शिविर के समापन समारोह में दो नाटकों का प्रभावी मंचन

# नन्हे कलाकारों की अदाकारी से दिया समानता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नेहरु सास्कृतिक सदन में चल रहे इप्टा ग्रीष्मकालीन बाल एवं तरुण नाट्य प्रशिक्षण शिविर के दो दिवसीय समापन समारोह का गुरुवार को यादगार कलात्मक समापन हुआ। इस अवसर पर नन्हे कलाकारों ने दो संदेशपरक नाटकों और आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। अतिथियों ने उनकी हौसलाआफजाई की ।

इप्टा भिलाई के तत्वावधान में आयोजित नाट्य शिविर के दो दिवसीय समापन समारोह के अंतिम दिन आज शिविर में प्रशिक्षित बच्चों ने अपनी रंगमंचीय प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया। शिविर में तैयार किए गए कपड़ों की दुनिया और जैसे को तैसा नामक दो नाटकों का मंचन किया गया। दर्शकों ने नन्हें व तरुण कलाकारों की अभिननयअदायगी को सराहा। पहले चारु श्रीवास्तव निर्देशित इंप्रोवाइजेशन से निकले नाटक कपड़ों की दुनिया का मंचन किया गया। इस नाटक में बच्चों ने कपड़ों के माध्यम से मानवीय समानता का पैगाम दिया। कहानी में विभिन्न रंग और प्रकार के कपड़ों के मार्फत दिखाया गया कि इंसानों में किस तरह जाति, मजहब, नस्ल में भेदभाव होता है। घर में शादी में जाने तैयार हो रहे परिवार के लोग जैसे ही कपड़े पहनने आलमारी खोलते हैं तो शेरवानी कुरता, जींस, टी शर्ट, लुंगी, बनियान आदि कपड़े एक साथ भरभराकर नीचे गिरते हैं। अलग अलग कपड़े रोचक अंदाज में मैं अच्छा और तू खराब जैसे भेदभाव की बात करते हैं। नन्हे कलाकारों ने बताया कि कैसे एक तरफ रईसों के घरों के वार्डरोब में सिर्फ शादी या पार्टी में गाहे बगाहे पहने जाने वाले कपड़े भरे पड़े हैं दूसरी ओर गरीब कपड़ों के लिए तरस रहे हैं। नाटक में बच्चों ने अपने बालसुलभ अभिनयअदायगी और चुटीले संवाद से जाति व ऊंच नीच के भेदभाव को खत्म करने का संदेश दिया। नाटक में निहारिका, राजीव, चैतन्य,आकाश, हर्ष अंशुमन, श्रंजल, रुपाली, गुरनाम, ग्रंथा, आलिया, गुंजन, ध्रुव, नावैद्य, गुलशन, राजू, कनिष्क, कुसुम,मोक्ष, कशिश, सुजल, ऐश, खुशी, माहिर, प्रिया, नंदी, तृप्ति, पूर्वा,नरेंद्र व निकिता ने किरदार निभाए।



### जैसे को तैसा में दिखी अभिनय अदायगी

यदि योग्यता के अनुसार पद या काम न दिया जाए तो इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। इस संदेश को दिलचस्प अंदाज में बच्चों ने दूसरी नाट्य प्रस्तुति जैसे को तैसा में दर्शकों तक पहुंचाया। रोहित रेड्डी निर्देशित इस नाटक की कहानी जितनी दिलचस्प व संवाद चुटीले थे, निर्देशन भी उतना ही मंझा हुआ था। बच्चों के अभिनय की भी प्रशंसा हुई। राजा कृष्णदेव राय व तेनालीराम की तैसा को तैसा कहानी को नाटक में रोचकता से शिविर में डेवलप किया गया। नाटक में दिखाया गया कि किसी शहर में एक चित्रकार को राजा कृष्णदेव राय अपनी तस्वीर बनाने पर खुश होकर मंत्री बना देते हैं। लेकिन मंत्री के ऊलजलूल फैसलों से जनता त्रस्त हो जाती है। परेशान जनता बुद्धिमान महामंत्री तेनालीराम के पास समस्या का हल निकालने की गुहार करती है। तेनाली राजा को भोजन पर आमंत्रित करते हैं तो बढ़ई के हाथों बना बेस्वाद खाने पर राजा क्रुद्ध हो जाते हैं। तब तेनालीराम राजा को नसीहत देते हैं कि जब एक पेंटर मंत्री बन सकता है तो फिर बढ़ई खाना क्यों नही बना सकता ? इस तरह राजा को अपनी गलती का एहसास हो जाता है। तेनाली कहते हैं जो व्यक्ति जिस लायक है, योग्यतानुसार ही उसे पद व काम देना प्रजा के हित मे होता है। नाटक में राजा का किरदार सिद्धांत, महामंत्री ऋषभ व तेनालीराम का प्रभावी किरदार कुनाल ने निभाया। अरवी, जुनैद,कुनाल,भूमिका, ऋषभ, सृष्टि, मयंक,कशिश, प्रियांशी, पलक,अंशुमन, स्नेहा,अंशिका, लुकेश्वरी, योगेश,आशीष, निशिका, प्रियांजल, यश, अनुज,प्रीत, तनुश्री, तिश्या,पूजा व मिहिर आदि बच्चों ने भूमिकाएं निभाईं।



### प्रमाणपत्रों से बच्चों की हौसलाआफजायी

पूर्व में समारोह के विशेष अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार लोकबाबू, परमेश्वर वैष्णव व डां. कोमल सिंह शार्वा ने शिविर और बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। बीस दिवसीय शिविर में नाट्य कला सीखने वाले 75 बच्चों को प्रमाणपत्र और इप्टा के रंगकर्मी प्रशिक्षकों बीबी परगनिहा, रोहित रेड्डी, नरेंद्र पटनारे, चारु श्रीवास्तव, रिया, निकिता, लेखा, पलक, हर्ष, कनिष्क, विक्रम, चित्रांश, बी किशोर, गोपेश व सानिद व योग शिक्षक अरुण पंडा को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इप्टा के राष्ट्रीय सचिव राजेश श्रीवास्तव ने इप्टा के शिविर की 26 वर्षो की यात्रा व रंगमंचीय योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन इप्टा भिलाई के सचिव चारु श्रीवास्तव व अभार प्रदर्शन प्रांतीय अध्यक्ष मणिमय मुखर्जी ने किया। अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ रंगकर्मी सुचिता मुखर्जी, श्रवणकुमार, शेलेश कोड़ापे. संदीप गोखले, ने किया। पूर्व में सुचिता मुखर्जी निर्देशि मेरा देश जनगीत व छग गीतों की बच्चों ने प्रस्तुति दी।पालकों ने इप्टा के शिविर के आयोजन के लिए बीएसपी सहित शहर के कलाप्रेमी संस्थानों से उदारता से सहयोग करने का आह्वान किया।

## शोकाकुल कार्यकर्ताओं के घर पहुंचे भाजपा पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारतीय जनता पार्टी एक राजनीतिक पार्टी ही नहीं अपितु एक परिवार है, इस शब्द को पार्टी पदाधिकारियों ने चरितार्थ किया।

भाजयुमो मंडल डौंडीलोहारा के मंत्री ग्राम कोबा निवासी दिलीप कोसमा की माता और ग्राम खैरा निवासी कोषाध्यक्ष प्रकाश साहू की दादी का स्वर्गवास हो जाने पर शनिवार को आयोजित शोक कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए। उन्होंने दिवंगतों के चित्र पद पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष डोमेंद्र कुमार देशमुख, महामंत्री भूषण साहू, मंत्री शिव मसिया, उपाध्यक्ष मानसिंह तारम एवं युवा मोर्चा के साथी उपस्थित रहे।



## सशिमं आचार्यों के दस दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आयोजित दस दिवसीय वर्ग का समापन हुआ। सरस्वती शिक्षा केंद्र जिला राजनांदगांव, बालोद, कांकेर के आचार्यों का दस दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग स्थान सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्यमिक विद्यालय दल्लीराजहरा जिला बालोद में 19 से 30 मई तक प्रशिक्षण वर्ग रखा गया है। इसमें कुल 61 आचार्य शामिल हुए।

कार्यक्रम के समापन सत्र के मुख्य अतिथि सुमित लोढा प्रबंधक देव माइनिंग थे। मुख्यवक्ता राजेश्वर राव कृदत्त जिला प्रतिनिधि सरस्वती शिक्षा संस्थान छ.ग थे, अध्यक्षता धरमचंद जैन अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर दल्लीराजहरा ने की। विशिष्ट अतिथि नरेश जायसवाल, भूपेंद्र तिवारी, कन्हैया लाल कुकरेजा रहे। इस पूरे वर्ग में प्रार्थना अभिनय के साथ शिशु गीत, हिन्दी शिक्षण, संस्कारक्षम वातावरण, अंग्रेजी शिक्षण, शारीरिक खेलकूद, गीत, वंदना, कहानी, बौद्धिक विकास जैसे विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। समापन प्रकट कार्यक्रम में व्ययाम योग, आसान, शिशु गीत अभिनय के साथ व आचार्यों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस वर्ग में सरस्वती शिशु मंदिर दल्लीराजहरा विद्यालय परिवार का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

वर्ग प्रतिवेदन नरेश जायसवाल व आभार व्यक्त शेखर रेड्डी ने किया।कार्यक्रम में श्रीराम यादव, भुनेश्वर कुलदीप, पुषणलाल भुआर्य, अमीरदास कृषाणे, तामेश टांडिया, खेमन वर्मा, रितेश सिन्हा, देविका पटेल, आशना साहू, शालिनी सेन शिक्षक सहित विद्यालय के आचार्य व दीदी उपस्थित रहे।

## टीएनसी परमिशन की आड़ में अवैध प्लॉटिंग

### शासन को करोड़ों रुपए का राजस्व नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

टीएनसी परमिशन की आड़ में अवैध प्लाटिंग व अवैध कब्जा हो रहे हैं। एक कंस्ट्रकशन कंपनी ने अपने तीन अलग-अलग फर्म के माध्यम से यह खेल चल रहा। इसकी शिकायत कलेक्टर से की गई है और जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### जुनवानी में जमीन का यह मामला

प्रेस वार्ता में भिलाई निगम नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा और पूर्व सभापति राजेंद्र सिंह अरोरा ने बताया कि तीन फार्म के नाम पर जुनवानी में लगभग 4 एकड़ जमीन रायल ग्रीन के अंदर खरीदी। जिसमें श्री श्याम कंन्स्ट्रक्शन के नाम पर 2 नवंबर 2021 को लगभग 90 डिसमिल जमीन का विकास अनुजा लिया। इसके बाद शेष जमीन जो उस जमीन से लगी हुई है। उसे 90 डिसमिल जमीन अनुज्ञा की आड़ में प्लाट काटकर बेचा जा रहा है। इस तरह जो अतरिक्त जमीन है वो अवैध प्लॉटिंग की श्रेणी में आता है। इस जमीन को प्रतीक अग्रवाल और उनके लोगों ने आम जनता को गुमराह करके उनकी गाढ़ी कमाई को गलत जमीन में लगवाया है। यह सारा खेल निगम के तत्कालीन अधिकारियों की मिली भगत से किया गया है।

चौहान ग्रीन वेली के फेस 2 के अंदर खसरा नंबर 34 और 39 में लगभग 2 एकड़ जमीन खरीदी। बिना परमिशन के ही वहां अवैध प्लांटिंग करके कई प्लाट बेच दिए गए और कई प्लाटों की ब्रिकी अभी की जा रही है। जुनवानी में महर्षि विद्या मंदिर के पीछे प्रतीक अग्रवाल ने शासन को लगाया करोड़ों रुपए का चूना परमिशन 90 डिसमिल का और अवैध प्लॉटिंग कर दी कई एकड़ में।

### चार एकड़ में प्लाटिंग

जिले में प्रतीक अग्रवाल पिता सुरेश कुमार के श्री श्याम कंन्स्ट्रक्शन मेसर्स श्याम इंफ्रा और श्री श्याम बिल्डकॉन नाम से तीन अलग अलग फर्म हैं। जिनके पार्टनर प्रतीक अग्रवाल पिता सुरेश कुमाह हैं। प्रतीक अग्रवाल ने इन फॉर्मो के नाम पर जुनवानी क्षेत्र में कई एकड़ जमीन खरीदी है। इसके बाद इन्होंने मात्र 90 डिसमील भूमि का विकास अनुज्ञा लिया और उसकी आड़ में लगभग 4 एकड़ जमीन में प्लॉटिंग कर डाली है।

### करोड़ों का लगा चूना

नेता प्रतिपक्ष सिन्हा और पूर्व सभापति अरोरा का कहना है कि प्रतीक अग्रवाल ने इस तरह की धोखाधड़ी करके ना सिर्फ निगम प्रशासन और शासन को करोड़ों रुपए का चूना लगाया है. बल्कि गरीबों का हक भी मारा गया है। यदि प्रतीक अग्रवाल ने लगभग 4 एकड़ जमीन में प्लॉटिंग का परमीशन लिया होता तो उन्हें रेरा का लाइसेंस लेना पड़ता और रेरा के नियम के मुताबिक उन्हें उस कालोनी में रोड नाली पानी की सुविधा देने के साथ ही गरीब वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए भी अलग से जमीन छोड़नी पड़ती।

## बिजली कंपनी के जेई के खिलाफ साल भर बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**भिलाई।** साल भर पहले हुए भिलाई 3 स्थित विश्व बैंक कालोनी में हुए बंगाली समाज की युवती करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। इसे लेकर संभागीय आयुक्त की लिखित शिकायत छत्तीसगढ़ बंगाली मित्र समाज ने किया है। समाज अध्यक्ष सुमन शील ने बताया कि समाज की विनीता शील 16 वर्ष का 22 मार्च 2023 को छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी भिलाई 3 के जेई निर्मल कुर्रे के जानकारी में पोल के खंबे में पेड के गिला हो जाने से करंट आ जाने की सूचना मिली थी। अधिकारी को इसके पूर्व में जानकारी होने के बाद भी इसे अनदेखी किया गया। अधिकारी के लापरवाही के कारण मासूम बच्ची की करंट के चपेट में आने से मौत हो गई। दोषी अधिकारी के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया जाए। इसके अलावा मृतक के परिजनों को 25 लाख रुपए का मुआवजा राशि देने की मांग की गई है। अध्यक्ष सुमन शील ने बताया कि नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में वार्ड 7 सेक्टर 1 के स्ट्रीट पोल नंबर 6/81 के पोल में बिजली तार रहने के बाद भी पोल के चारों ओर कई सालों से बबूल के पेड के डंगाल को पोल से लगाकर घिरा हुआ रहा।

## पेज 9 के शेष

### धोखाधड़ी और ठगी...

उसका उसी दिन मेडिकल टेस्ट भी कराया गया। उसके दूसरे दिन कोई राहुल सिंह नाम के व्यक्ति ने कोलकाता में ही ज्वाइनिंग लेटर दिया। उसके बाद 16 अगस्त 2021 को 4 लाख रूपये नकद बालोद में घर से आरोपी को दिया। साथ में उत्तम खाण्डेकर भी आया था और बताया गया कि तीन महीने की ट्रेनिंग होगी, उसके बाद ज्वाइनिंग लेना है। जनवरी 2022 में आरोपी को नकद 50,000 रुपये बालोद बस स्टैण्ड में तथा 9 मई 2022 को 8,000 रुपये फोन पे द्वारा अंकुश मिश्रा के एकाउंट में ट्रान्सफर किया गया, जिसे अधिकारी है, ऐसा बताया गया। 9 मई 2022 को 50,000 हजार रुपये फोन पे द्वारा अंकुश मिश्रा के एकाउंट में ट्रान्सफर किया गया। लेकिन, नौकरी नहीं लगी। आरोपी को फोन से बोलने पर कि कब नौकरी लगेगी, आज–कल करते हुए टालमटोल करते रहे। इस बीच मेरा पहले वाला ज्वाइनिंग लेटर रद्द हो गया। दूसरा ज्वाइनिंग लेटर 26 जुलाई 2022 को दिया गया लेकिन, आज तक नौकरी नहीं लगी।

### सीएम के निजी...

मोटवानी, जयदीप गुप्ता, निखिल शर्मा, राजू भंसाली, हिम्मत देशमुख, प्रणव साहू, निरंजन पड़ोटी, अंगद टेकाम, श्री राम राणा, मनीष साहू, कोमल जंघेल, रजनीश यादव भी उपस्थित थे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Balod To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
*T&C Apply
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411